भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2936**

उत्तर देने की तारीख 5 दिसम्बर, 2019

14 अग्रहायण, 1941 (शक)

# खेल संवर्धन योजनाएं

**2936. श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः**

**डॉ. हिना विजयकुमार गावीतः**

**श्री विनायक भाऊराव राऊतः**

**श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ः**

**श्री ए.के.पी. चिनराजः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 8-25 वर्ष के आयु समूह में खेल प्रतिभाओं को खोजने और पोषित करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की संख्या कितनी है और निर्धारित लक्ष्यों और प्रत्येक योजनाओं के तहत प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान खेल प्रोत्साहन योजनाओं के लिए स्थापित क्षेत्रीय केंद्रों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार खेल प्रोत्साहन योजनाओं के लिए अधिकांश युवाओं का चयन ग्रामीण, आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों से करने पर विशेष ध्यान दे रही है;

(घ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन श्रेणियों में से चयनित युवाओं की संख्या कितनी है;

(ङ) क्या सरकार ने इन खेल प्रचार योजनाओं के बारे में ग्रामीण/आदिवासी युवाओं के बीच उचित जागरूकता पैदा करने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन योजनाओं को लागू करने में सरकार के सामने क्या समस्या है; और

(च) क्या अधिकांश योजनाएं उन उद्देश्यों को प्राप्त करने में सक्षम नहीं रही हैं जिनके लिए उन्हें शुरू किया गया है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाये गए हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) 8-25 वर्ष के आयु समूह की प्रतिभाओं की पहचान करने और उनका पोषण करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की खेल संवर्धन स्कीमों का कार्यान्वयन किया जा रहा है यथा खेलो इंडिया स्कीम, राष्ट्रीय खेल परिसंघों को

सहायता की स्कीम, राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ ) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को देश भर में विभिन्न प्रशिक्षण सुविधाओं का संचालन करने के लिए ब्लॉक अनुदान जारी करना । विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के अंतर्गत प्रशिक्षित किए जा रहे प्रशिक्षुओं का ब्यौरा अनुबंध-। में दिया गया है ।

(ख) विगत 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान साई का कोई नया क्षेत्रीय केंद्र स्थापित नहीं किया गया है क्योंकि खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मौजूदा खेल अवसंरचना द्वारा बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है ।

(ग) और (घ): खेल प्रतिभा की पहचान विभिन्न स्तरों पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण, जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभाओं के साथ बिना किसी भेदभाव के की जाती है । खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत 24 खेल विधाओं में 2741 प्रतिभावान बच्चों की पहचान की गई है । इनमें से 608 खिलाड़ियों को साई प्रशिक्षण अकादमियों में प्रशिक्षित किया जा रहा है और शेष खिलाड़ियों को साई द्वारा मान्यताप्राप्त अकादमियों में प्रशिक्षित किया जा रहा है । विगत 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न साई खेल संवर्धन स्कीमों के अंतर्गत चयनित युवाओं की स्कीम- वार संख्या अनुबंध-।। में दी गई है ।

(ङ.) खेलो इंडिया गेम्स, विभिन्न खेल विधाओं में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तथा अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में भारतीय खिलाड़ियों की सफलता ने ग्रामीण, जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों से आने वाले युवाओं सहित युवाओं को जागरूक करने और खेलों में उनकी भागीदारी को बढ़ाने में सहायता की है तथा मौजूदा खेल संवर्धन स्कीमें ग्रामीण तथा जनजातीय युवाओं सहित भारत के सभी खिलाड़ियों के लिए हैं ।

(च) जी नहीं ,खेलों में व्यापक जन सहभागिता और उत्कृष्टता के संवर्धन के दोहरे उद्देश्यों को खेल विभाग द्वारा संचालित संवर्धन स्कीमों के माध्यम से पूरे देश में निष्पादित किया जा रहा है।

****

**अनुबंध-I**

**खेल संवर्धन योजनाएं के संबंध में श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीत, श्री विनायक भाऊराव राऊत, श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ तथा श्री ए॰के॰पी॰ चिनराज, माननीय संसद सदस्यों द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2936 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के अंतर्गत प्रशिक्षित किए जा रहे प्रशिक्षुओं का ब्यौरा**

| **क्र. सं.** | **स्कीम का नाम** | **केंद्रों की संख्या** | **प्रशिक्षुओं की संख्या (आवासीय)** | **प्रशिक्षुओं की संख्या (गैर-आवासीय)** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साई राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र ( एनसीओई) | 21 | 1993 | 316 | 2309 |
| 2 | साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) | 69 | 4002 | 1236 | 5238 |
| 3 | सेना बाल खेल कंपनी ( एबीएससी) | 28 | 1293 | 0 | 1293 |
| 4 | एसटीसी के विस्तार केंद्र | 90 | 0 | 1829 | 1829 |
| 5 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता ( एनएसटीसी) | | | | |
| i) | नियमित स्कूल | 10 | 0 | 305 | 305 |
| ii) | देशज खेल और मार्शल आर्ट्स (आईजीएमए) | 10 | 0 | 128 | 128 |
| iii) | अखाड़े | 48 | 0 | 766 | 766 |
| | | | | | |
| 6 | खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत मान्यताप्राप्त खेल अकादमियां | 32 | 534 | 74 | 608 |
| **कुल** | | **308** | **7822** | **4654** | **12476** |

****

**अनुबंध-II**

**खेल संवर्धन योजनाएं के संबंध में श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, डॉ. हिना विजयकुमार गावीत, श्री विनायक भाऊराव राऊत, श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ तथा श्री ए.के.पी. चिनराज, माननीय संसद सदस्यों द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2936 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**विगत 3 वर्षों और चालू वर्ष 2016 से 2019 के दौरान साई खेल संवर्धन स्कीमों का ब्यौरा**

| | **2016-2017** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **स्कीम** | **केंद्र** | | **बालक** | **बालिका** | **कुल** |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता | 64 | | 1123 | 252 | **1375** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी | 24 | | 1352 | 0 | **1352** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र | 59 | | 4535 | 1963 | **6498** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल | 19 | | 1120 | 880 | **2000** |
| 5 | एसटीसी/ एसएजी के विस्तार केंद्र | 95 | | 996 | 647 | **1643** |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र | 15 | | 266 | 211 | **477** |
| 7 | साई राष्ट्रीय खेल अकादमी ( एनएसए) | 13 | | 261 | 78 | **339** |
| | **:** | **289** | | **9653** | **4031** | **13684** |
| | **2017-2018** | | | | | |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता | 65 | | 1125 | 242 | **1367** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी | 27 | | 1591 | 0 | **1591** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र | 59 | | 4804 | 2063 | **6867** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल | 20 | | 1189 | 978 | **2167** |
| 5 | एसटीसी/ एसएजी के विस्तार केंद्र | 86 | | 1133 | 804 | **1937** |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र | 15 | | 270 | 209 | **479** |
| 7 | साई राष्ट्रीय खेल अकादमी ( एनएसए) | 15 | | 369 | 130 | **499** |
| | **कुल::** | **287** | | **10481** | **4426** | **14907** |
| | **2018-2019** | | | | | |
| 1 | राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता | 61 | | 1112 | 230 | **1342** |
| 2 | सेना बाल खेल कंपनी | 26 | | 1488 | 0 | **1488** |
| 3 | साई प्रशिक्षण केंद्र | 59 | | 4589 | 1986 | **6575** |
| 4 | विशेष क्षेत्र खेल | 21 | | 1256 | 925 | **2181** |
| 5 | एसटीसी/ एसएजी के विस्तार केंद्र | 90 | | 1308 | 866 | **2174** |
| 6 | उत्कृष्टता केंद्र | 16 | | 214 | 262 | **476** |
| | **कुल:** | **273** | | **9967** | **4269** | **14236** |
| | **2019-2020** | | | | | |
| 1 | साई राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र ( एनसीओई) | 21 | | 1445 | 864 | **2309** |
| 2 | साई प्रशिक्षण केंद्र | 69 | | 3425 | 1813 | **5238** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | सेना बाल खेल कंपनी | 28 | | 1293 | 0 | **1293** |
| 4 | एसटीसी/ एसएजी के विस्तार केंद्र | 90 | | 1049 | 780 | **1829** |
| 5 | एनएसटीसी | 68 | | 1008 | 191 | **1199** |
| | **कुल:** | **276** | | **8220** | **3648** | **11868** |

****